>

Title: Need to start the Ordnance Factory Project in Nalanda, Bihar.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। रक्षा मंत्रालय ने आयुध निर्माण बोर्ड के माध्यम से रक्षा बलों की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु राजगीर नालंदा में आयुध फैक्ट्री की स्थापना का कार्य 1999 में 501.42 करोड़ रुपए की पूंजीगत परिव्यय से प्रारंभ किया था। यह देश का दुर्भाग्य है कि एक ओर जहां सरकार देश को सामरिक रूप से समर्थ बनाना चाहती है वहीं दूसरी ओर 13 साल बीत जाने के बाद भी इस अति महत्वपूर्ण आयुध फैक्ट्री परियोजना राजगीर नालंदा को पूरा नहीं किया जा सका है जबकि इसे नवंबर 2005 में पूरा किया जाना था। मेरा सरकार से आग्रह है कि इस तरह की परियोजना के प्रबंधन में घोर लापरवाही बरतने के लिए जिम्मेदारी निर्धारित कर हम समुचित कार्यवाही कर आयुध फैक्ट्री परियोजना नालंदा को जल्द से जल्द चालू कराया जाए।